डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/202/2023 दिनांक: 10/04/2023

अधिसूचना

कार्यालय पत्र संख्या COE/146/2023, दिनांक 16.03.2023, पत्रांक COE/167/2023, दिनांक 25.03.2023 एवं पत्रांक 196/2023, 05.04.2023 के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर बी०ए०/बी०एससी०/बी०कॉम० (सत्र 2022–23) की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022–23 समस्त विषय (राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020), बी०बी०ए०, बी०सी०ए०, एम०एस०डब्ल्यू एवं बी०एससी०/एम०एससी० (गृह विज्ञान/कृषि) प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर मुख्य एवं पुनः परीक्षा के छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि 10.04.2023 तक विस्तारित की गई थी, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड न करने, बकाया परीक्षा शुल्क जमा न करने के कारण ऐसे महाविद्यालयों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित नहीं हो सके है, छात्रहित में माननीय कुलपति जी द्वारा उक्त निर्धारित तिथि को दिनांक 15.04.2023 तक विस्तारित करने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान कर दी गयी है कि उक्त तिथि के पूर्व समस्त महाविद्यालय अपने यहाँ अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र आवश्यक रूप से पूरित कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में प्रति परीक्षार्थी आर्थिक दण्ड के साथ शुल्क देय होगा।

अतः समस्त छात्र/छात्रायें अपने आवेदन पत्र दिनांक 15.04.2023 तक सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से पूरित कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/आवासीय परिसर, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्र/छात्रों को अवगत कराते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
2. प्रो० मनु प्रताप सिंह, निदेशक, आई०ई०टी० संस्थान, खन्दारी परिसर।
3. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. अधीक्षक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. अधिकृत एजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई०डी० एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर आज ही अपलोड हुए परीक्षाफार्म भरवाना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक